हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 5 जुलाई 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

07 राजस्व, स्वास्थ्य व पुलिस की संयुक्त टीम...


08 लैपटॉप से विद्यार्थियों को अध्ययन व कौशल...


## स्वास्थ्य की अनदेखी: ग्यारसपुर में सील की गई 2 अवैध क्लीनिक फिर चालू, तीसरी पर कार्रवाई नहीं

# स्वास्थ्य से समझौता, मौत को न्योता

स्वास्थ्य सेवाओं की सुरक्षा में लगे विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। ग्यारसपुर विकासखंड में अवैध रूप से संचालित दो क्लीनिकों को पूर्व में सील किए जाने के बावजूद पुनः संचालित किया जा रहा है, जो स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### कार्रवाई के डर से फर्जी डॉक्टरों ने नहीं खोली क्लीनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा/ लटेरी

लटेरी में बुधवार को सांई कृपा क्लीनिक पर बच्चे की मौत के बाद प्रशासन कुंभकर्णी नींद से जागा। गुरुवार को दो क्लीनिक और एक पैथोलॉजी लेब को सील किया गया।

शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग, पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने मलनिया रोड पर स्थित नामदेव क्लीनिक के संचालक अभिषेक नामदेव क्लीनिक सील किया। अभिषेक पहलें संतोष साहू की साईं कृपा क्लीनिक पर ही काम करता था। इसके बाद पतंजलि स्वदेशी केंद्र और कृष्णा पैथोलॉजी लेब को भी सील किया किया गया। झोलाछाप डाक्टरों पर कार्रवाई की भनक लगते ही दर्जनों झोलाछाप डॉक्टर क्लीनिक बंद कर रफूचक्कर हो गए। जांच के दौरान झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक बंद मिलीं। लटेरी क्षेत्र में कई ऐसे हास्पिटल चल रहे हैं जिन पर अवैध तरीके से प्रसव भी कराया जाता है। गरीब ग्रामीणों को रेफर का डर दिखाकर 10 से 15 हजार रुपए वसूले जाते हैं। झोलाछाप डॉक्टर प्रसव करा रहे हैं। इस गोरखधंधे में सभी का कमीशन फिक्स है। अस्पताल से लेकर टैक्सी से लाने वाले टैक्सी वाले को झोलाछाप डॉक्टर राशि दी जाती है।

**कार्रवाई कर रहे**

संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए क्लीनिकों की जांच की है। जिसमें मलनिया रोड स्थित दो क्लीनिक सील किए गए हैं। साथ ही एक पैथोलॉजी को सील कर दिया गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।
- **अभिषेक उपाध्याय,** बीएमओ लटेरी

### लटेरी में: दो क्लीनिक और एक पैथोलॉजी लेब सील किया

**12 क्लीनिक सील, चंद दिनों में फिर खुल जाएंगी**

प्रशासन ने जिले में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई का दावा किया है। स्वास्थ्य विभाग की गठित टीम ने 12 अवैध क्लीनिक और मेडिकल स्टोर सील कर दिए। कार्रवाई में करैया खेड़ा रोड का महाकाल क्लीनिक, पीतल मिल चौराहा का श्री सेवा मेडिकल, वकील साहब कॉलोनी का साईं क्लीनिक, नटेरन के गायत्री और शर्मा क्लीनिक, सिरोंज के कुशवाह क्लीनिक, ग्राम हांसुआ के कृष्णा और विश्वकर्मा क्लीनिक, गंजबासौदा का साईं दवाखाना, लटेरी का अभिषेक नामदेव प्राइवेट क्लीनिक और कृष्णा पैथोलॉजी शामिल हैं। जांच की कार्रवाई डॉ. पुनीत माहेश्वरी, बीएमओ डॉ. नीतू सिंह राय, डॉ. विकास बघेल, डॉ. हेमंत कुमार पंचोली, डॉ. प्रमेंद्र तिवारी और डॉ. अभिषेक उपाध्याय के नेतृत्व में की गई।

**यह प्रश्न उठते हैं...**

- सील की गई क्लीनिकें फिर से चालू हो सकती हैं तो सील की प्रक्रिया का औचित्य क्या रह जाता है?
- क्या जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के बिना यह दोबारा संचालन संभव है?
- क्या आम नागरिकों की जान के साथ ऐसा मज़ाक बर्दाश्त योग्य है?

### स्वास्थ्य विभाग के नियमों और झोलाछाप डॉक्टर को आप ऐसे समझें

- मेडिकल बोर्ड से पंजीयन होना चाहिए।
- हॉस्पिटल, नर्सिंग होम के लिए सीएमएचओ कार्यालय से लाइसेंस होना चाहिए।
- वैद्य डिग्री होनी चाहिए लैब रिपोर्ट डिप्लोमा या डिग्रीधारी डॉक्टर ही जारी कर सकता है।
- एक्सरे या सोनोग्राफी की रिपोर्ट भी रेडियोलाजी में डिग्री डिप्लोमाधारी डाक्टर ही जारी कर सकता है।
- यदि डाक्टर बीएएमएस है तो उसका एलोपैथी में प्रैक्टिस करना अवैध है।


### सील होने के बाद फिर से खोल लीं क्लीनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर तहसील मुख्यालय पर हाकम लोधी द्वारा संचालित लकवा निदान केंद्र और ग्यारसपुर पुलिस थाना के सामने संचालित दुबे क्लीनिक को बिना वैध दस्तावेजों के संचालन के कारण करीब दो महीने पहले सील किया गया था। महज 15 दिन बाद ही दोनों क्लीनिकें फिर से खुल गईं। यह लापरवाही न केवल विभाग की निष्क्रियता को दर्शाती है, बल्कि स्थानीय नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ भी है।

तीसरा मामला भी उतना ही गंभीर है। मढ़िया धामनोद क्षेत्र में चांदसी क्लीनिक के नाम से अजय सक्सेना द्वारा अवैध रूप से संचालित क्लीनिक की शिकायतें स्थानीय नागरिकों के माध्यम से कई बार सामने आ चुकी है। बावजूद इसके, न तो स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जांच के लिए पहुंचे और न ही अब तक कोई कार्रवाई हुई है।





## खबर संक्षेप

### गायत्री प्रज्ञा पीठ में प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ

**विदिशा।** स्वर्णकार कॉलोनी स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में प्रज्ञा पुराण कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। संयोजक मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह कथा युग ऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की प्राण चेतना का प्रवाह है, जो जीवन को पवित्र बनाती है। ट्रस्टी प्रकाश सोनकर ने बताया कि कथा का वाचन प्रत्येक गुरुवार सायं 7 से 8 बजे तक होगा। प्रमुख ट्रस्टी राजाराम पवार ने कहा कि प्रज्ञा पुराण आधुनिक समस्याओं के समाधान एवं सदाचार की शिक्षा देने वाली रचना है। डॉ. लोकेश्वरी नेमा ने इसे सरल भाषा में सभी के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम में आचार्य शिवकुमार तिवारी, हीरालाल आचार्य, बालराम पंथी और रामचरण चौकसे विशेष अतिथि रहे। इस अवसर पर हरीश बिजवे, हरिओम विश्वकर्मा, शोभा पवार सहित अनेक श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक कथा श्रवण किया।

### 28वें स्थापना दिवस पर पौधरोपण का आह्वान

**विदिशा।** मप्र जन अभियान परिषद के 28वें स्थापना दिवस पर गर्ल्स कॉलेज में स्वैच्छिकता पर्व का आयोजन हुआ । कार्यक्रम में मुख्य जिपं अध्यक्ष अतिथि गीता कैलाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा मौजूद रहीं। जिला समन्वयक पूजा बंधैया ने परिषद के कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उपाध्यक्ष मोहन नागर का संदेश भी प्रदर्शित किया गया। जिसमें "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण का आह्वान किया गया। अतिथियों और प्रतिभागियों ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया। जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

### हरियाली संकल्प: 440 से अधिक पौधे रोपे गए

**विदिशा।** जिले में 1 से 7 जुलाई तक हरियाली महोत्सव के तहत पुलिस द्वारा 440 से अधिक पौधे लगाए गए। 4 जुलाई को थाना बासौदा देहात परिसर में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, कलेक्टर अंशुल गुप्ता और पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी की उपस्थिति में 40 पौधे रोपे गए। कुरवाई, महेलुआ, लायरा में 200, त्योंदा-बागरोद में 125, पथरिया में 50 और हैदरगढ़ में 25 से अधिक पौधे लगाए गए।

### मध्यान्ह भोजन, राशन वितरण का निरीक्षण

**विदिशा।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की जिला प्रभारी कीर्ति चौहान ने शमशाबाद वेयरहाउस में खाद्यान्न के उठाव कार्य और एफपीएस तक उसकी आपूर्ति की स्थिति का निरीक्षण किया। शासकीय शालाओं के आकस्मिक निरीक्षण में बालक शाला में न्यूट्रिशन गार्डन व्यवस्थित करने के निर्देश दिए और कन्या शाला में मां की बगिया की सराहना की। बामौरी शाला में मेन्यू के अनुसार भोजन बनाने के निर्देश दिए गए। नसरतगढ़ में समय से पहले ताला लगने पर नोटिस जारी करने के लिए निर्देश दिए गए।

## परसोरा पंप लाइन की बदहाल स्थिति से किसान भारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कस्बा बागरोद

परसोरा पंप लाइन से सिंचाई करने वाले चार-पांच गांवों के किसानों को इन दिनों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों का कहना है कि घोषित 10 घंटे की बिजली आपूर्ति में से पंप लाइन महज 4 घंटे ही चल पाती है। बाकी 6 घंटे लाइन में फॉल्ट या ट्रिपिंग के कारण हमेशा लड़ाई-झगड़े जैसे हालात बने रहते हैं, लेकिन विद्युत मंडल के कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसानों ने बताया कि परसोरा पंप लाइन हिनोतिया फीडर से जुड़ी हुई है, जहां से अक्सर वोल्टेज बेहद कम मिलता है। नतीजा यह कि किसानों की मोटरें और स्टार्टर लगातार जल रहे हैं। कई किसानों को मोटर winding या स्टार्टर रिपेयर कराने में हजारों रुपये का खर्च करना पड़ रहा है, लेकिन बावजूद इसके मोटर पानी नहीं दे पा रही।किसानों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या की लिखित और मौखिक शिकायतें विद्युत मंडल के अधिकारियों से की गई हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं मिला है।

परसोरा पंप पर कोई स्थायी लाइनमैन तैनात नहीं है। विभाग के कर्मचारी भी केवल कभी-कभार ही ध्यान देते हैं और खराबी दूर करने में भारी देर होती है।इधर धान की रोपाई का सीजन चल रहा है और समय पर पानी न मिलने से किसान बेहद चिंतित हैं।

### अवैध शराब ले जाते एक आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** जिले में अवैध मदिरा के धारण, परिवहन, निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम हेतु अभियान जारी है। जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही व सहायक आबकारी अधिकारी राजीव थापक के निर्देशन में ग्राम पठारी तिराहे पर नाकेबंदी के दौरान एक बिना नंबर की बाइक से 350 पाव शराब जब्त की। वाहन चालक लखन जादौन 24 वर्ष निवासी संग्रामपुर रायसेन को गिरफ्तार किया गया है। जब्त शराब की कीमत 54 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक सुनील चौहान सहित मुखबिर एवं आबकारी स्टाफ सराहनीय का योगदान रहा।

## नौकर निकला शक्कर व्यापारी की दुकान में चोरी का आरोपी

**25 हजार नकद डीवीआर व एलसीडी लेकर भागा था दुकान का नौकर**

**सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने नौकर को दबोचा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बाल विहार के पास स्थित शक्कर के थोक विक्रेता बृजेंद्र जैन की दुकान में चोरी करने वाला कोई और नहीं बल्कि उन्हीं का नौकर निकला। मंगलवार रात नौकर से ही दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जब व्यापारी शादी समारोह में शामिल होने के लिए समय से पहले दुकान बंद कर निकल गए थे। बुधवार सुबह व्यापारी दुकान पहुंचे तो दराज टूटी मिलीं, सीसीटीवी कैमरे टूटे हुए थे और डीवीआर गायब था। दुकान से 25 हजार नकद, सीसीटीवी का रिकॉर्डिंग सिस्टम और एक एलसीडी चोरी हो गई थी।

**सीसीटीवी फुटेज में दिखा नौकर, कबूला जुर्म**

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में दुकान का नौकर विजय किरार संदिग्ध नजर आया। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और पूछताछ की। नटेरन निवासी विजय किरार (26) ने पूछताछ में चोरी की बात स्वीकार कर ली। उसके पास से नकद राशि बरामद कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया है। चोरी गए कुछ अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं।

### चोरी करते युवक गिरफ्तार सरिया जब्त

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** कोतवाली पुलिस ने निर्माणाधीन क्रिटिकल हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज परिसर से सरिया चोरी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। घटना 3 जुलाई रात 8 बजे की है। शुभम राय पिता मिश्रीलाल राय मेडिकल कॉलेज की निर्माणाधीन इमारत से सरिया चोरी कर रहा था। पुलिस ने मौके से चोरी किया गया सरिया जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस के अनुसार शहर में निर्माण स्थलों पर चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए निगरानी और गश्त बढ़ा दी गई है।

### नाबालिग से अश्लील हरकत करने वाले दोषी को 3 साल की सजा

**विदिशा।** तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सुरेखा मिश्रा की अदालत ने नाबालिग बालिका और उसकी कजिन के साथ बुरी नियत से अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को पॉक्सो अधिनियम के तहत 3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मामला 24 सितंबर 2024 का है जब पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह और उसकी बहन गांव में सड़क पर खेल रही थीं। शाम करीब 4 बजे आरोपी उन्हें बहला-फुसलाकर दुकान से सामान दिलाने और कार में घुमाने के बहाने गांव से 2 किमी दूर ले गया। वहां गाड़ी रोककर दोनों के साथ अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर गांव के एक व्यक्ति ने मदद कर परिजनों को सूचना दी। सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज हुआ। अभियोजन के तर्कों से सहमत होकरअदालत ने आरोपी को दोषी ठहराया।

## भोपाल से सिरोंज जा रही बस की स्टेयरिंग फेल कार से टकराई, आठ घायल, 6 की हालत नाजुक

**दुर्घटना में कार व बस दोनों बुरी तरह से हुई क्षतिग्रस्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शुक्रवार दोपहर पौने 12 बजे सिरोंज से भोपाल जा रही बस की सांगुल गांव के पास स्टेयरिंग फेल हो गई। बस ने सामने से आ रही एक्सयूवी कार को टक्कर मार दी। कार सवार उज्जैन से लखनऊ जा रहे थे।

हादसे में कुल 8 लोग घायल हुए। इनमें से 6 लोगों की स्थिति नाजुक है। घायलों को शमशाबाद ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को विदिशा और भोपालरेफर कर दिया गया। दो घायलों का इलाज शमशाबाद में ही चल रहा है। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि बस चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस चालक की तलाश कर रही है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। कार में सवार लखनऊ और दिल्ली के निवासी हैं। यह सभी लोग उज्जैन से लखनऊ जा रहे थे। टक्कर से कार का आगे का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कांच चकनाचूर होकर बिखर गया। बस भी आगे नीचे की ओर क्षतिग्रस्त हो हुई है।



**हादसे में यह हुए घायल:** कार और बस की भिड़ंत में आठ लोग घायल हुए हैं। घायलों में प्रशांत पिता बाबु निराला 34 साल, श्रीराम पिता बालाराम 40 साल, अशोक पिता अमरजीत 48 साल, विशाल पिता विजय बहादुर 44 साल, याशीर उम्र 15 साल, अनिल पिता चेतराम 25 साल, संतोष पिता हिंदू सिंह 40 साल घायल हुए हैं।

## बुनियादी सुविधाओं के बिना रह रहे परिवारों ने लगाई गुहार, कलेक्टर बोले: कॉलोनाइजर्स से करेंगे वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर में 100 से ज्यादा अवैध कॉलोनियों में रह रहे सैकड़ों परिवार बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान हैं। कॉलोनाइजर्स ने बिना अनुमति के खेतों में कॉलोनियां काटकर प्लॉट बेच दिए और अब गायब हो गए हैं। इन कॉलोनियों में पीने का पानी, बिजली और पक्की सड़कें नहीं हैं।

रामायणी कॉलोनी के रहवासियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों की दवाई और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। लोगों ने जीवनभर की पूंजी लगाकर प्लॉट खरीदे, लेकिन अब वे ठगा महसूस कर रहे हैं।

**कॉलोनाइजर की संपत्ति कुर्क की जाएगी**

*कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अवैध कॉलोनियों का निरीक्षण कर एस्टीमेट तैयार करें। पानी, बिजली और सड़क की सुविधाओं का खर्च कॉलोनाइजर से वसूला जाएगा। भुगतान न करने पर उनकी संपत्ति कुर्क की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर मोहल्ले में चौकीदार से लेकर पटवारी तक तैनात हैं। जमीन की रजिस्ट्री और निर्माण की जानकारी इन्हें सबसे पहले होती है, फिर भी अवैध कॉलोनियां बन रही हैं। प्रशासन की कार्रवाई के बावजूद हर साल नई कॉलोनियां बन रही हैं और शहर बेतरतीब तरीके से फैल रहा है।*

### मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सिंगल क्लिक से मेधावी छात्रों को लैपटॉप राशि दी

## अपने लक्ष्य की ओर पूरे समर्पण से आगे बढ़ें छात्रार्थी: जिपं अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में ऑडिटोरियम में मेधावी विद्यार्थियों के लिए लैपटॉप राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छात्रों के खातों में लैपटॉप की राशि ट्रांसफर की। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की उपस्थिति रही। उनके साथ कलेक्टर अंशुल गुप्ता, जिपं सीईओ ओपी सनोडिया, नपा अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा भी मंच पर उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और निष्ठा से पढ़ाई करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा आज के विद्यार्थी ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं। अपने लक्ष्य की ओर पूरे समर्पण से बढ़ें और प्रदेश तथा देश का नाम गौरवान्वित करें। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ें। अंत में उन्होंने भारत माता की जय और जय सियाराम के उद्घोष के साथ अपना भाषण समाप्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

### कुपोषण दूर करने पीड़ित बच्चों को दी जा रहीं सुपोषण किट

## पोषण संजीवनी से कुपोषण पर प्रहार के लिए कलेक्टर की पहल पर जनभागिदारी से चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल पर विदिशा जिले में कुपोषण से लड़ने के लिए पोषण संजीवनी अभियान चलाया जा रहा है।

जन भागीदारी से कुपोषण से मुक्ति उद्देश्य के साथ यह अभियान भारत सरकार के पोषण अभियान का अभिन्न हिस्सा है, जिसमें समुदाय की सक्रिय भागीदारी से कुपोषण और एनीमिया पर नियंत्रण की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस अभिनव पहल का लक्ष्य जिले के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को सुपोषित करना है। अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं जिला पंचायत सीईओ द्वारा प्रतिदिन इसकी समीक्षा की जा रही है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढा की निगरानी में सभी परियोजना अधिकारियों से व्हीसी के माध्यम से प्रतिदिन प्रगति की जानकारी ली जा रही है। जनभागीदारी के इस मॉडल में प्रत्येक अति कुपोषित बच्चे को तीन माह के लिए प्रतिमाह 1000 की सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। इस राशि से सुपोषण किट तैयार की जाती है, जिसमें पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य सामग्री होती है।



विदिशा। स्वास्थ्य सेवाओं में कसावट लाने की मुहिम के दौरान निरीक्षण करते हुए।

### जागरूकता से सुधार

सप्ताहभर का जागरूकता अभियान चलाकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रत्येक कुपोषित बच्चे के घर जाकर साफ-सुथरे और संतुलित भोजन के महत्व की जानकारी देती हैं। माताओं और परिजनों को न्यूट्रिशन की महत्ता समझाई जाती है, ताकि बच्चों को कुपोषण से बाहर निकाला जा सके। ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों के माध्यम से सुपोषण किट का वितरण किया जा रहा है। जिसमें जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अभियान में सहयोग देने वाले लोग शामिल होते हैं। यह पहल बच्चों के स्वास्थ्य की दिशा में अहम कदम है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2818
उच्चतम भाव- 2999
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2650
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2399
उच्चतम भाव- 2417
चना
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-5550
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3042
उच्चतम भाव-3541
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-3310
मसूर
न्यूनतम भाव-4310
उच्चतम भाव-6820
सरसों
न्यूनतम भाव-5110
उच्चतम भाव-7800
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2020
उच्चतम भाव-4322
मूंग
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-7099
उड़द
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-5450
बटरी
न्यूनतम भाव-2570
उच्चतम भाव-3800
धनिया
न्यूनतम भाव-6190
उच्चतम भाव-6190
तुअर
न्यूनतम भाव-5390
उच्चतम भाव-5390

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 6783 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### बिजली प्रदाय रहा बंद

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को तिरंगा चौक और सिरोंज चौराहा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रही। विद्युत वितरण कंपनी के डी.ई. राजू भामोर ने बताया कि तिरंगा चौक फीडर पर मेंटेनेंस कार्य किया गया। हालांकि, उपभोक्ताओं का कहना है कि इन कार्यों का सकारात्मक प्रभाव दिखाई नहीं दे रहा है। बारिश के मौसम में भी कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित होती है।

### गुमशुदगी दर्ज

**गंजबासौदा।** भूमिका उम्र 20 वर्ष निवासी नीम मोहल्ला वार्ड नंबर 18 दिनांक 2 जुलाई को सुबह 11 बजे से घर से नगर पालिका में काम करवाने का कहकर गई है, जो वापस नहीं आई। परिजनों ने आसपास, रिस्तेदारों सभी जगह खोजबीन की लेकिन युवती का कहां पता नहीं चल सका। जिसकी शिकायत परिजनों ने देहात थाने में दर्ज कराई है।

### कीड़ों से परेशानी

**गंजबासौदा।** नगर में शाम होते ही काले कीड़े और झींगुर एलईडी, स्ट्रीट लाइट पर मंडराने लगते हैं।

### कलेक्टर, एसपी और विधायक ने लिया नवनिर्मित पत्रकार भवन का जायजा, निर्माण कार्य को सराहा

# नोडल अधिकारी समन्वय स्थापित योजनाओं का क्रियान्वयन करें: कलेक्टर अंशुल गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







शुक्रवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को संबोधित किया। बासौदा जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में उन्होंने कहा कि हर एक विभाग के ग्राम स्तरीय अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर शासन के तमाम विभागों के माध्यम से क्रियान्वित योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बारिश को ध्यानगत रखते हुए कहीं भी किसी भी प्रकार की दुर्घटना ना हो पाए। इसके लिए बरती जाने वाली सावधानियां पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त भवनो में किसी भी प्रकार की गतिविधियां संचालित ना हो।

कलेक्टर ने कहा कि एक भी बच्चा स्कूल में दाखिला लेने से वंचित ना रहे। उन्होंने स्कूल और आंगनबाड़ी का भोजन एक ही स्थान पर समूह के द्वारा बनाया जाए। उन्होंने कहा कि हरेक ग्राम पंचायत के लिए एक एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के पीछे की यही मंशा है कि आपसी समन्वय स्थापित रहे। ग्राम स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों में संवाद कर हरेक योजना की जानकारी प्राप्त कर पात्रता धारक को उसका लाभ दिलाना है। कलेक्टर ने कहा कि अब हरेक ग्राम पंचायत में पंजी संधारित की जायेगी जिसमें गांव से संबंधित तमाम जानकारियां दर्ज की जायेगी। उन्होंने सम्पत्ति रजिस्टर में गांव की चल और अचल सम्पत्तियों का संपूर्ण विवरण दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों से कहा कि अब हरेक महिने ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ताकि ग्राम से संबंधित सभी जानकारी स्थानीय रहवासियों को सुगमता से उपलब्ध हो सके। कलेक्टर ने हर एक ग्राम पंचायत में शासकीय योजनाओं की जानकारियां सुगमता से प्राप्त हो सके इसके लिए ग्राम स्तर पर प्रचार प्रसार सूचित करने के निर्देश नोडल अधिकारियों को दिए हैं उन्होंने कहा कि टीमवर्क की भावना से कार्य कर कृषि ,पशुपालन उद्यान की मत्स्य पालन तथा महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग राजस्व अमला उपरोक्त दायित्व का निर्माण करेंगे बासौदा के जनपद पंचायत सभागार में हुई इस बैठक को जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने भी संबोधित किया।






इस अवसर पर स्थानीय एसडीएम विजय राय जनपद, जनपद सीईओ तपस्या जैन के अलावा अन्य विभागों के जिला अधिकारी तथा ग्राम पंचायत के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बासौदा के राजीव गांधी जन चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में पहुंचकर संचालित गतिविधियों को देखा एवं मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और उनकी होने वाली जांचों की जानकारी ली। उन्होंने ने एनआरसी वार्ड में भर्ती आठ बच्चों को जन सहयोग से प्राप्त पौष्टिक पोषण आहार युक्त सुपोषण किट प्रदान की गईं। इन सुपोषण किट में तीन माह तक की पौष्टिक पोषण आहार युक्त खाद्य सामग्री है। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान बीएमओ डॉक्टर प्रमेंद्र तिवारी को निर्देशित किया कि अस्पताल में यदि जांच उपकरण एवं सामग्री की आवश्यकता हो तो मांग पत्र बनाकर प्रेषित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को निर्देशित कर क्षेत्र की हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को प्रसव के सात दिवस पूर्व बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराया जाए, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु को रोका जा सके। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, बासौदा एसडीएम विजय राय, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कांसबा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बासौदा प्रवास के दौरान स्कूल शिक्षा विभाग और सहकारिता विभाग के अधिकारियों के माध्यम से संपादित कार्यों की समीक्षा बासौदा के पटवारी सभागार में की। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के अमले को निर्देशित किया है कि एक भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे ऐसे बच्चे जो गांव से अनियंत्रित चले गए हैं उनके अभिभावकों से संपर्क करें और किस स्कूल में दाखिला दिलाया गया है की जानकारी संग्रहित करें। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल को ध्यानगत रखते हुए एक भी स्कूल जीर्णशीर्ण भवन में संचालित नहीं हो। शिक्षक समय पर स्कूलों में पहुंचे और अध्यापन कार्य कराए। उन्होंने बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के तहत सुविधाओं की पृथक पृथक समीक्षा की। जिसमें पुस्तकों का वितरण, ड्रेस साइकिल सहित अन्य बिंदु शामिल है। सहकारिता विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी सहकारी समितियों को बहुउद्देशीय बनाया जाना है इसके लिए उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से प्रदाय दैनिक आवश्यक सामग्रियां जो प्रिंट रेट पर विक्रय की जाती हैं उन सामग्रियों को समितियां के माध्यम से बेचने की व्यवस्था क्रियान्वित की जाए।

### कलेक्टर, एसपी, और विधायक ने किया पत्रकार भवन का निरीक्षण

**गंजबासौदा।** नगर में वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद स्व अनिल यादव की स्मृति में नवनिर्मित पत्रकार भवन का लोकार्पण एवं प्रतिमा अनावरण आगामी 6 जुलाई को केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा किया जाएगा। आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया मौजूद रहेंगीं। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री लखन पटेल करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र सिंह रघुवंशी मौजूद रहेंगे। पत्रकार भवन के लोकार्पण से पूर्व शुक्रवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी, क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता कप्तान सिंह यादव ने नवनिर्मित पत्रकार भवन का निरीक्षण कर, निर्माण कार्य की सराहना की। उनके साथ एसडीएम विजय राय, एसडीओपी रोशनी सिंह, सिटी थाना प्रभारी संजय बेदिया, देहात थाना प्रभारी आशुतोष सिंह, वरिष्ठ पत्रकार गोविंद नायक, प्रेस क्लब अध्यक्ष नितेश नायक, ओमप्रकाश चौरसिया, यशपाल यादव, अमित शुक्ला, नरेश मीणा, राजा छारी, मयंक टांक सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य विभाग ने सील किया क्लीनिक




**गंजबासौदा।** स्वरूप नगर में स्वास्थ्य विभाग और राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार को एक निजी क्लिनिक श्री साईं चिकित्सालय की जांच की। इस दौरान पता चला कि अस्पताल के संचालक देवेंद्र सिंह के पास होम्योपैथी की डिग्री है। लेकिन वह एलोपैथी दवाइयों से मरीजों का इलाज कर रहे थे। तहसीलदार निधि पटेल ने कहा कि यह नियमों का उल्लंघन है। क्लीनिक में पर्याप्त दस्तावेज नहीं मिले। इसलिए क्लीनिक को सील कर दिया गया। संचालक के खिलाफ आगे कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान बीएमओ प्रवेंद्र तिवारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। जांच की खबर मिलते ही शहर के अन्य निजी क्लिनिक संचालकों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। मिली जानकारी के अनुसार, गंजबासौदा शहर में 25 से 30 झोलाछाप डॉक्टर हैं। इनके पास सही डिग्री नहीं है। फिर भी ये मरीजों का इलाज कर रहे हैं। तहसीलदार ने कहा कि ऐसे झोलाछाप डॉक्टरों पर नियमित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

## हरियाली महोत्सव अंतर्गत देहात थाना परिसर में रोपे 40 से अधिक पौधे




**गंजबासौदा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित कासवानी, विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने हरियाली महोत्सव के तहत वृक्ष ही जीवन है के संदेश को लेकर देहात थाना परिसर में 40 पौधों का रोपण किया। हरियाली महोत्सव के अंतर्गत गंजबासौदा देहात थाने में क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के संयुक्त नेतृत्व में 40 पौधों का रोपण किया गया। जिसमें एसडीएम विजय राय, एसडीओपी रोशनी सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, देहात थाना प्रभारी आशुतोष सिंह सहित पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थिति रहे। इस मौके पर देहात थाना प्रभारी आशुतोष सिंह सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी पौधारोपण किया। आमजन को वृक्ष ही जीवन है का संदेश देने का प्रयास किया गया है एवं नागरिकों को पेड़ों की रक्षा करने और अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## अवैध विस्फोटक ब्लास्टिंग में लिप्त क्रेशर संचालक गिरफ्तार

**गंजबासौदा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश पर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में देहात थाना पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अवैध विस्फोटक सामग्री से ब्लास्टिंग कराने वाला क्रेशर खदान संचालक नागेश त्रिवेदी को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार दिनांक 13 जून को शाम लगभग 6 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि चोरावर स्थित नागेश त्रिवेदी की गिट्टी क्रेशर खदान में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री से ब्लास्टिंग की तैयारी की जा रही है। सूचना पर तत्काल तहसीलदार बासौदा निधि पटेल एवं थाना देहात पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और विधिवत पंचनामा तैयार कर सामग्री जब्त की। तहसीलदार द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के बाद धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। आरोपी नागेश त्रिवेदी घटना दिनांक से ही फरार था, जिसे 3 जुलाई को विदिशा से अभीरक्षा में लेकर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।उक्त कार्रवाई में आशुतोष सिंह थाना प्रभारी देहात, गौरव रघुवंशी, केसरी प्रसाद शर्मा, वीरेन्द्र लोधी, प्रागराज गुर्जर, ऋषभ श्रीवास्तवइनकी विशेष भूमिका रही।

**न्यायालय - अब्दुल अजहर अंसारी, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र.**

प्रो. क्रमांकः-3611/2025
गंजबासौदा दिनांकः 27/6/25
प्रकरण क्रमांक RCS-A 11/2025
// उपस्थिति होने वास्ते नोटिस //
प्रति,
मालतीबाई .................. वादीगण
बनाम
सर्वसाधारण .................. प्रतिवादी
बनाम
सर्वसाधारण

सूचित किया जाता है कि, वादीगण ग्राम अजीजपुर उर्फ भडेरू तहसील बासौदा जिला विदिशा के कृषक है। वादी क्रमांक 1 मालतीबाई जो कि वादी क्रमांक 2.3 की सगी माँ है। मालतीबाई के पति कोकसिंह पिता देवीसिंह रघुवंशी की मृत्यु दिनांक 31.10.2013 को हो चुकी है। वादी क्रमांक 1 के पुत्र एवं वादी क्रमांक 2 व 3 के भाई कमलेश रघुवंशी के नाम से रजिस्टर्ड विक्रयपत्र दस्तावेज क्रमांक 979 दिनांक 28.5.1980 से क्रय की गयी भूमि आराजी क्रमांक 181/2/5 रकंवा 1.463 हैक्टेयर एवं पैत्रिक भूमि आरजी क्रमांक 181/2/4 रकबा 0.418 हैक्टेयर में से कमलेश रघुवंशी का भाग 0.105 हैक्टेयर भूमि है यह भूमि पिता कोकसिंह रघुवंशी के फौत होने से वादीगणो के नाम फौती नामांतरण से प्राप्त हुयी है। कमलेश रघुवंशी पिता कोकसिंह रघुवंशी जो कि अविवाहित था वह दिनांक 27.10.2011 से लापता है जिसकी सूचना पुलिस चौकी बरेठ में 21.12.2011 और थाना बासौदा में दिनांक 24.12.2011 को दी थी। कमलेश रघुवंशी का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज होने से वादीगण उक्त भूमि का उपयोग नहीं कर पा रहे है और न ही शासन की योजनाओ का लाभ नहीं ले पा रहे है। इसलिये वादी ने इस न्यायालय में आवेदन अंतर्गत वाद वावत सिविल डेथ विधिक मृत्यु घोषित कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वंय अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत दिनांक 31.07.2025 को अपना पक्ष का समर्थन करने हेतु उपस्थित रहे। नियत दिनांक 31.07.2025 को आपके उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय सुनवाई कर निर्णय लिया जावेगा। नोटः- यदि नियत दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 27/06/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

**न्यायाधीश अब्दुल अजहर अंसारी प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा**

### नवांकुर विद्यापीठ के 166 विद्यार्थियों को मिली 50 हजार की राशि

# इंस्पायर स्कॉलरशिप के लिए 34 विद्यार्थी चयनित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत नवांकुर के 166 विद्यार्थियों को मिली 41 लाख 50000 हजार की राशि मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना 2025 के अंतर्गत नवांकुर विद्यापीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 166 विद्यार्थियों को 25000 के मान से 41 लाख 50000 की राशि मिली। वहीं इंस्पायर अवॉर्ड स्कॉलरशिप के लिए नवांकुर विद्यापीठ के 34 विद्यार्थियों का चयन किया गया है, अगर यह विद्यार्थी विज्ञान विषय के साथ आगे भी अध्ययन करते हैं तो इन 34 विद्यार्थियों को अपने अध्ययन काल में 5 वर्षों तक हर साल 80-80 हजार इंस्पायर स्कॉलरशिप राशि प्रदान की जावेगी।

उल्लेखनीय है कि इंस्पायर स्कॉलरशिप के लिए उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से संपूर्ण प्रदेश से एक प्रतिशत टॉपर विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। चयनित विद्यार्थियों में 34 विद्यार्थी नवांकुर विद्यापीठ के हैं, जो कि किसी भी विद्यालय से इंस्पायर स्कॉलरशिप के लिए चयनित विद्यार्थियों की सर्वाधिक संख्या है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेन्डरी की परीक्षा में 75% से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से 25000 की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिए दी जाती है। इस वर्ष विद्यालय के कुल 262 विद्यार्थियों में से 166 विद्यार्थियों ने 75% या अधिक अंक प्राप्त करके यह परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जिसके लिए पुरस्कार स्वरूप उन्हें लैपटॉप क्रय करने हेतु यह राशि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा विद्यार्थियों के खातों में ट्रांसफर की गई। इस वर्ष विद्यालय की छात्रा रिया पटवा ने राज्य की प्रावीण्य सूची में पाँचवा तथा पलक रघुवंशी ने जिले की प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल किया था।

विद्यालय के विद्यार्थियों की उपलब्धियों इंस्पायर स्कॉलरशिप के लिए 34 विद्यार्थियों का चयन तथा मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के लिए 166 विद्यार्थियों को पात्रता प्राप्त होने पर विद्यालय में हर्ष और उत्साह का माहौल व्याप्त है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, वरिष्ठ शिक्षक संदीप कुमार रावत, पहलवान सिंह राजपूत, केशव लाहौरी आदि विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाएँ देकर उज्वल भविष्य की कामना की है एवं पालकगणों को भी बधाई दी है।

## शा.उत्कृष्ट उमावि के विद्यार्थियों को मिली राशि




**गंजबासौदा।** शुक्रवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनांतर्गत माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा कक्षा 12 में 75 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि के वितरण का मुख्य कार्यक्रम भोपाल में आयोजित हुआ। उसी तारतम्य में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरिसिंह रघुवंशी विधायक, शशि अनिल यादव नगरपालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता तथा एसडीएम विजय राय, बीईओ, बीआरसी, प्राचार्य एमसी शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजन की गई उपरांत प्राचार्य एमसी शर्मा ने सभी अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत कर शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा एक क्लिक द्वारा भोपाल से लैपटॉप की राशि विद्यार्थियों के खाते में भेजे जाने का प्रसारण भी दिखाया गया। विधायक द्वारा विद्यालय को प्रदान किया गया वाटर कूलर का भी लोकार्पण किया गया। विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने विद्यार्थियों को और अधिक मेहनत के साथ अध्ययन करने का संदेश दिया तथा सरकार की ओर से विद्यार्थियों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी कार्यक्रम में अशासकीय विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थी एवं उनके प्राचार्य भी सम्मिलित हुए। प्राचार्य एमसी शर्मा ने विद्यालय की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी दिनेश ओझा ने तथा आभार प्रधानाध्यापक अनिल दुबे ने व्यक्त किया।

### टीम आने की खबर लगते ही 24 घंटे सेवाएं देने वाले झोलाछापों की दुकानों पर लगे ताले

# राजस्व, स्वास्थ्य व पुलिस की संयुक्त टीम ने रात्रि 11 बजे अवैध क्लीनिक किया सील, कई अन्य भागे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर में संचालित अवैध क्लीनिक पर गुरूवार रात्रि 11 बजे के आसपास राजस्व विभाग,स्वास्थ्य विभाग,पुलिस की संयुक्त कार्यवाही देखने को मिली। जहा तहसीलदार संजय चौरसिया,बीएमओ डॉ विकास सिंह बघेल ने पुलिस बल के साथ नगर के हाजीपुर स्थित हरिओम क्लीनिक पर पहुंचकर क्लीनिक को सील किया। तो वही टीम की कार्यवाही की भनक लगते ही नगर के एक दर्जन क्लीनिक संचालक जो कि देर रात्रि तक अपनी क्लीनिक संचालित करते हैं। उन क्लीनिकों के भी शटर बंद नजर आए। जैसे ही स्वास्थ्य विभाग की टीम हाजीपुर स्थित क्लीनिक पर पहुची और क्लीनिक के वैध दस्तावेज नही दिखाने पर बीएमओ डॉ विकास सिंह बघेल द्वारा क्लीनिक को सील किया गया। वही बीएमओ विकास सिंह बघेल ने बताया कि यह कार्यवाही रूटीन कार्यवाही है जो कि आगे भी जारी रहेगी।

### क्षेत्र में 200 से अधिक अवैध क्लीनिक हो रही संचालित



नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रो संचालित में अवैध क्लीनिको की यदि बात की जाए तो पूरे सिरोंज ब्लॉक में 200 से अधिक संख्या में क्लीनिक व नर्सिंग होम संचालित हो रहें है। नगर की छोटी-छोटी गलियों व प्रत्येक ग्राम में दो से तीन झोलाछाप डॉक्टर अ\पनी दुकाने लेकर बैठे है और मरीजो की जान से खुलेआम खिलबाड कर रहें है। वही जैसे ही स्वास्थ्य विभाग की टीम इन क्लीनिको पर कार्यवाही के लिए पहुचती है तो अधिकतर क्लीनिक व नर्सिंग होम संचालक अपनी-अपनी दुकानें बंद कर चले जाते है। यदि देखा जाए तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्व में भी कई बार नगर में संचालित अवैध क्लीनिको पर कार्यवाही के लिए टीम गठित की गई। लेकिन स्वास्थ्य विभाग की टीम सिर्फ नगर की एक या दो क्लीनिको पर कार्यवाही कर वापस लौट जाती है। तो वही अधिकांश क्लीनिक संचालक टीम की आने की खबर सुनती ही अपनी क्लीनिको में ताला लगाकार भाग जाते है और जैसे ही विभाग की टीम कार्यवाही कर लौट जाती है। वैसे ही झोलाछाप डॉक्टर अपनी क्लीनिको को पुनः खोल लेते है।

### केस बिगड़ने पर मरीज को भोपाल,विदिशा का दिखा दिया जाता है रास्ता

*बीते कुछ वर्षों से फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टरों की वृद्धि देखने को मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्र में कोई मात्र फर्स्ट एड के डिग्रीधारी हैं तो कोई अपने आप को बवासीर या दंत चिकित्सक बता रहा है लेकिन इनके निजी क्लीनिकों में लगभग सभी गंभीर बीमारियों का इलाज धड़ल्ले से किया जा रहा है। वही कुछ डॉक्टरों ने तो अपनी क्लिनिक में ही ब्लड जांच, यूरीन जांच इत्यादि की सुविधा भी कर रखी है। जिससे मरीज को जांच कराने के लिए भी बाहर न जाना पडे और यदि उपचार के दौरान मरीज की हालत बिगड जाती है तो इन डॉक्टरों द्वारा कहा जाता है मरीज को भोपाल नही तो विदिशा ले जाओ।*

### इनका कहना है

*रात्रि में जो कार्यवाही की गई है यह कार्यवाही रूटीन कार्यवाही है। अवैध क्लीनिक संचालको पर कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।*

*डॉ विकास सिंह बघेल,बीएमओ,शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय सिरोंज।*

### कार्यक्रम का लाइव प्रसारण हुआ

## विद्यालय के 304 विद्यार्थी लैपटॉप का लाभ प्राप्त कर चुके: प्राचार्य



**सिरोंज।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर से राज्य स्तरीय मेधावी छात्र लैपटॉप वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरोंज में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण शाला परिसर में किया गया। इस अवसर पर सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा विशेष रूप से कार्यक्रम में पधारे। वही उन्होंने मंच संबोधित करते हुए लैपटॉप प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही छात्रो के उज्जवल भविष्य की कामना की। वही उन्होने इस योजना की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से तकनीकी दक्षता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। लाइव प्रसारण के दौरान विद्यालय के प्राचार्य महेश ताम्रकार,वरिष्ठ शिक्षक संजीव माथुर,सत्यनारायण शर्मा,शान मिया,भाजपा के वरिष्ठ नेता तोषमानी पंथी,संजय सोनी,शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और सभी ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन और राज्य स्तरीय आयोजन को बड़े उत्साह के साथ देखा।

### राज्य स्तरीय आयोजन सीएम राइस शाला परिसर में

इस अवसर पर प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक शाला के 304 विद्यार्थी लैपटॉप योजना का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। साथ ही इस वर्ष 2025 में 54 विद्यार्थियों को 25,000 रूपये की प्रोत्साहन राशि उनके खातों में ट्रांसफर की गई है। यह योजना मेधावी छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है, जिससे वे अपनी उच्च शिक्षा और तकनीकी दक्षता को बेहतर बना सकें।

## शा. पॉलिटेक्निक कॉलेज में पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन पंजीयन 5 से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में संस्था स्तर की काउंसलिंग सीएलसी के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए लेटरल एंट्री के माध्यम से 2 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। जिन विद्यार्थियों ने आईटीआई या 12वीं कक्षा गणित, भौतिकी एवं रसायन विषयों के साथ उत्तीर्ण की है। वह छात्र पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन पंजीयन 5 जुलाई से 13 अगस्त तक कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया 16 जुलाई से 14 अगस्त तक होगी। 10वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन 13 अगस्त तक होंगे। इस कोर्स में प्रवेश की प्रक्रिया 2 जुलाई से 14 अगस्त तक जारी रहेगी। संस्था प्राचार्य ने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अपील करते हुए कहा कि छात्र-छात्राए निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन पंजीयन कर आवश्यक दस्तावेजों सहित संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश सुनिश्चित करें।

## निर्मला स्कूल में छात्र संसद गठित, पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




निर्मला कान्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु छात्र संघ के पदाधिकारियों का चुनाव लोकतांत्रिक प्रणाली से संपन्न किये जाने के उपरांत नवीन निर्वाचन पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी पंकज गीते उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यार्थियों के द्वारा प्रार्थना गीत के साथ किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी पंकज गीते, विद्यालय प्रबंधक फादर एण्टोनी तथा प्राचार्य सिस्टर टेन्सी द्वारा विद्यार्थियों को पदक्रम अनुसार बैच प्रदान किए गए। इसके उपरांत विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी ने नवीन निर्वाचित पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य पालन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में स्वागत भाषण छात्रा अंबिया के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री गीते ने कहा कि असली शक्ति चुने गये पदाधिकारियों में नहीं होती चुनने वालों में होती है अपने उद्बोधन में उन्होंने मातृभाषा के प्रचार प्रसार पर जोर देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन छात्र अराध्य जैन, नैनी जैन, मोक्षिता जैन, राघव नेमा, अनुराधा यादव एवं नैतिक सेन द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन छात्रा तेहज़ीब के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षक रफत उल्लाह एवं रामचन्द्र के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। नव निर्वाचित सदस्यों में देव करण रघुवंशी हेड बॉय, सिद्धी रघुवंशी हेड गर्ल, मरियम खान स्टूडेंट सेक्रेटरी, यशराज श्रीवास्तव, स्टूडेंट ट्रेजर्र, मोहम्मद खुबेब स्पोर्टस केप्टन, ऋषिल रघुवंशी स्पोर्टस वाइस केप्टन, तेहज़ीब कल्चरल हेड, शौर्य निहारिया कल्चरल वाइस हेड, वेदांत रघुवंशी सोशल वर्क हेड, अवनी दुबे सोशल वर्क वाइस हेड चुने गये।

इसी प्रकार कसफ नाज़ ब्लू हाउस केप्टन, ज़रीन खान ब्लू हाउस वाइस केप्टन, ज्ञानेन्द्र प्रतापसिंह ग्रीन हाउस केप्टन, कुनाल मिश्रा ग्रीन हाउस वाइस केप्टन, उमरा फातिमा रेड हाउस केप्टन, नाव्या जैन रेड हाउस वाइस केप्टन, कल्पना शर्मा यलो हाउस केप्टन, राधिका रघुवंशी यलो हाउस वाइस केप्टन निर्वाचित हुये।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत लैपटॉप वितरण कार्यक्रम हुआ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

शासकीय सांदीपनि विद्यालय में मध्यप्रदेश सरकार की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत शुक्रवार को ग्यारसपुर के शासकीय संदीपनी विद्यालय में विकासखंडीय लैपटॉप वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें संदीपनी विद्यालय के 34 विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि उनके खातों में जमा हुई। वहीं हैदरगढ़ धामनोद के विद्यार्थी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विद्यालयों से चयनित मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि 25 हजार चेक के रूप में प्रतीक स्वरूप वितरित किए गए। अतिथियों के द्वारा पिंकी गुर्जर, मयंक मालवीय, सलोनी कुशवाहा,विपता कुशवाहा, अनीता कुशवाहा,निशा कुर्मी, नंदनी अहिरवार,पियूश सोनी , सहित सभी विद्यार्थियों को 25 हजार का चेक वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर ने विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉ मोहन यादव की सरकार शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

लैपटॉप मिलने से विद्यार्थियों को ऑनलाइन अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा डिजिटल संसाधनों तक पहुंच में सहायता मिलेगी।इस अवसर पर समाजसेवी प्रताप सिंह रघुवंशी नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे एफ मिंज विद्यालयों के प्राचार्य, ज्योति प्रकाश नेमा, शिक्षक भुवनेश्वर चतुर्वेदी, सचिन मिश्रा पालक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।विद्यार्थियों में लैपटॉप पाकर उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला।

## वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने ग्यारसपुर क्षेत्र की सहकारी समितियों का किया औचक निरीक्षण

### पारदर्शिता सुनिश्चित करने कड़े निर्देश, अनियमितता पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर




वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रूपेश बघेल द्वारा शुक्रवार को ग्यारसपुर जनपद के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों और उर्वरक विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण उपसंचालक कृषि एवं एसडीएम के निर्देशों के परिपालन में किया गया, जिसका उद्देश्य उर्वरकों के विक्रय और वितरण में पारदर्शिता बनाए रखना था।

निरीक्षण के दौरान अधिकारी द्वारा महेश मशीनरी एवं कृषि सेवा केंद्र ग्यारसपुर, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां वन, सुआखेड़ी, अटारीखेजड़ा, एवं मार्कफेड डबल लॉक उर्वरक विक्रय केंद्र पीपलखेड़ी का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां रखे उर्वरकों के नमूने संग्रहित किए और भंडारण व्यवस्था का जायजा लिया। श्री बघेल ने उपस्थित विक्रेताओं एवं समिति संचालकों को निर्देशित किया कि उर्वरकों का वितरण शासन द्वारा निर्धारित नियमों और पात्रता के आधार पर ही किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्धारित रकबे के अनुसार वितरण की पंजी नियमित रूप से संधारित की जाए, ताकि कोई भी अनियमितता सामने न आए।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निरीक्षण के दौरान या भविष्य में किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कृषकों को सही मात्रा और गुणवत्ता का उर्वरक उपलब्ध हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सजग है। इस कार्रवाई को लेकर किसानों के बीच सकारात्मक संदेश गया है, और उम्मीद जताई जा रही है कि इससे उर्वरक वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जवाबदेही और अधिक मजबूत होगी।

### कृषि सखियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं जिला पंचायत सीईओ के निर्देशन में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में कृषि सखियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कृषि सखियी को वृक्षारोपण हेतु हितग्रहियों के फलदार वृक्षों का चयन एवं नरवाई प्रबंधन पर स्व सहायता समूह द्वारा उपयोग किए जाने वाले कृषि अभियांत्रिकी से अनुदान पर मिलने वाले यंत्रों की जानकारी, ड्रोन दीदी प्रत्येक सीएलएफ में ड्रोन दीदी के चयन एवं पीएमएफएमई प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना अंतर्गत मसाला उद्योग अचार पापड़ बड़ी, पनीर, घी, दाल, पोहा मिल, आटा चक्की इत्यादि उद्यम स्थापित करने की जानकारी एवं इच्छुक हितगृहियों से आवेदन कराए जाने की जानकारी दी गई। जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ श्री पंकज जैन द्वारा अपने क्षेत्र के हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने हेतु प्रत्येक सीआरपी को लक्ष्य का आवंटन किया गया। युवा सलाहकार श्री उपेन्द्र द्वारा विषय की जानकारी दी गई तथा जिला परियोजना प्रबंधक, एसआरएलएम द्वारा प्रशिक्षण सत्र का संचालन एवं

## स्वर्गीय माता-पिता की स्मृति में सीताराम नाम लेखन हेतु निशुल्क कापियां की दान



**सागर।** श्री संकटमोचन सरकार डाईट सिरोंजा सागर की अनुकम्पा से अप्रैल 2012 से श्री सीताराम नाम लेखन का कार्य धर्म प्रेमी बन्धुओं द्वारा आरंभ किया गया था। जिसके लिए नाम लेखन हेतु कापियों एवं पेन का वितरण समिति द्वारा निशुल्क किया जा रहा है। अभी तक श्री सीताराम नाम लेखन अठारह सवा करोड बार किया जा चुका है। अप्रैल 2012 से नाम लेखन कार्य हेतु 11000 कापियों का वितरण किया जा चुका है। इस कार्य में लगभग दो लाख रुपए मूल्य की कापियों का निशुल्क वितरण किया जा चुका है। 19 वे सवा करोड़ के नाम लेखन कार्य हेतु समिति के व्यवस्थापक पं सुरेशचंद्र द्विवेदी द्वारा अपने स्वर्गीय माता पिता की स्मृति में कापियों के लिए दस हजार रुपए की राशि पूर्व से ही दान कर दी गई है। उक्त जानकारी देते हुए सहव्यवस्थापक पं ब्रजेश द्विवेदी ने बताया कि आगामी लेखन कार्य हेतु अपने-अपने स्वर्गीय माता पिता की स्मृति में श्री सीताराम नाम लेखन कार्य हेतु पं रामरतन तिवारी पीपरा वाले, अम्बिका प्रसाद तिवारी यादव कॉलोनी द्वारा (अपने स्वर्गीय पुत्र की स्मृति में ), वाई के नामदेव सागर बैंक मैनेजर पं गोपालप्रसाद शर्मा तहसीली सागर, पं अखिलेश्वरनाथ शुक्ला श्रीराम कॉलोनी, पं ब्रजेश द्विवेदी सह व्यवस्थापक सनराईज मेगा सिटी सागर द्वारा अपने स्वर्गीय पिता पं एल एन द्विवेदी प्राचार्य डाइट सागर एवं अपनी स्व. माता कल्पना द्विवेदी की स्मृति में एवं कृष्णकुमार अग्रवाल द्वारा अपने स्वर्गीय परिजनों की स्मृति में श्री सीताराम नाम लेखन हेतु कापिया छपवाने के लिए 10-10 हजार रुपए का भी दान दिया है।

**शमशाबाद विधायक ने पौधरोपण में सहभागिता निभाई:** हरिभूमि न्यूज. विदिशा। एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वन मंडल अधिकारी श्री हेमंत यादव के मार्गदर्शन में कैंपा मिश्रित वृक्षारोपण खाताखेड़ी बीट जमुनियाई कक्ष क्रमांक आरएफ 231ए रकबा 30 हेक्टेयर में शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने पौधारोपण कर अभियान में सहभागिता निभाई। पौधारोपण कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष शमशाबाद, उप वन मंडल अधिकारी हिमांशु त्यागी शमशाबाद एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी शमशाबाद पिंकी रघुवंशी मौजूद रहे। वृक्षारोपण में रोपित पौधों की संख्या तीस हजार है।

## पंचायत स्तर पर 30 सितंबर तक जारी रहेंगे शिविर

**विदिशा।** 1 जुलाई से 30 सितंबर तक जारी जन सुरक्षा योजनाओं के संतृप्ति अभियान में प्रथम सप्ताह में 48 कैंपों का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर किया गया है, जिसमें पीएमजेजेबीबाय के 403 आवेदन एवं पीएमएसबीबाय के 411 आवेदन एवं अटल पेंशन योजना के 420 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदनों को बैंक बार शॉर्ट कर संबंधित बैंक के जहां हितग्राहियों के बैंक खाते हैं को प्रेषित कर दिया गया है, ताकि हितग्राहियों का उक्त योजनाओं में पंजीयन हो सके। प्रत्येक सप्ताह में बुधवार एवं गुरुवार को इन कैंपों का पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन जारी रहेगा। समस्त खाताधारकों से अनुरोध किया गया है कि उक्त आयोजन का लाभ उठाते हुए सभी जन सुरक्षा योजनाओं में लाभ प्राप्त करें एवं अपने परिवार को संबल प्रदान करें। शिविरों का आयोजन 30 सितंबर तक जारी रहेगा। यदि हितग्राही शिविरों में किसी वजह से नहीं जा पाए हैं तो वह संबंधित बैंक शाखों में या कियोस्क सेंटरों पर जाकर भी इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## मक्का फसलों को चूहों से बचाने अधिकारियों ने बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



लटेरी विकासखंड के ग्राम ओखलीखेड़ा, बंदीपुर, सिराजनगर और खेरखेड़ी सहित आसपास के इलाकों में किसानों की मक्का की फसलों में चूहों से भारी नुकसान हो रहा है। किसानों ने बताया कि हाल की वर्षा के साथ चूहों की संख्या तेजी से बढ़ गई है, जिससे मक्का के बीज और जड़ों को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। इस समस्या की सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से मिलने पर कृषि विभाग ने संज्ञान लिया और 4 जुलाई 2025 को उप संचालक कृषि श्री के.एस. खपेड़िया, सहायक संचालक कृषि श्री महेंद्र कुमार ठाकुर और वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री रितेश परमार ने प्रभावित गांवों का दौरा कर खेतों का निरीक्षण किया। कृषि अधिकारियों ने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और बताया कि चूहे न केवल खेत की फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि भंडारण में भी अनाज को खराब करते हैं। उन्होंने किसानों को नियमित रूप से खेतों का निरीक्षण करने और चूहों के बिलों तथा नुकसान के संकेतों की पहचान करने की सलाह दी।

अधिकारियों ने चूहे नियंत्रण के लिए जैविक और रासायनिक उपाय सुझाए। जैविक नियंत्रण के अंतर्गत खेतों में टी-पोल लगाकर उल्लुओं को बैठने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, क्योंकि उल्लू चूहों के प्राकृतिक शिकारी होते हैं। रासायनिक नियंत्रण के लिए एक किलोग्राम अनाज में 250 ग्राम ज़िंक फॉस्फाइड मिलाकर चारे के रूप में बिलों के पास रखना या 15 ग्राम ब्रोमेडियालोन दवा सीधे चूहों के बिलों में डालने की सलाह दी गई।

इसके साथ ही खेतों में चूहों को आकर्षित करने वाले कारणों को कम करने के लिए फसल अवशेष और खरपतवारों को साफ रखने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि खेत की साफ-सफाई से चूहों को छिपने और भोजन के स्रोत सीमित होते हैं जिससे उनकी संख्या नियंत्रित होती है। कृषि विभाग ने यह भी बताया कि चूहों के खिलाफ सामूहिक प्रयास अधिक कारगर होते हैं। एक बड़े क्षेत्र में एक साथ अभियान चलाने से चूहों की वापसी की दर कम हो जाती है। किसानों को सलाह दी गई कि वे घर में रखे अनाज या बच्चों की पहुँच से दूर चूहामार दवा का ही सुरक्षित उपयोग करें और मरे हुए चूहों को जमीन में गाड़ दें ताकि अन्य जानवर या पक्षी प्रभावित न हों।

उप संचालक कृषि केएस खपेड़िया ने कहा कि मक्का की फसल देश की खाद्य सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि समय रहते चूहों पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे विभाग द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन कर फसलों को सुरक्षित रखें।





## जिले के 1577 मेधावियों को मिली लैपटॉप की सौगात, बच्चों में दिखी खुशी खिल गए चेहरे

# लैपटॉप से विद्यार्थियों को अध्ययन व कौशल विकास में मिलेगी मदद : प्रभारी मंत्री पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के सागर तिराहे स्थित चिड़िया टोल वन परिसर में आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार, सांची सीट के विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत द्वारा कन्या पूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री पंवार ने कहा कि सरकार मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और निरंतर काम कर रही है। सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के लिए भी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जा रही है। यह सरकार की तरफ से तकनीकी शिक्षा की दिशा में बड़ी सौगात है।




### प्रभारी मंत्री ने मेधावी छात्र -छात्राओं को वितरित किए चैक

*कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री पंवार, विधायक डॉ चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष मीणा तथा पूर्व केबीनेट मंत्री श्री सिंह द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जिले के मेधावी विद्यार्थी रूद्रांश पटेल, आदित्य बघेल, जोया खान, पायल अहिरवार, तनु बघेल, कु. अनुराधा सहित अनेक मेधावी विद्यार्थियों को 25-25 हजार रू राशि के सांकेतिक चेक प्रदान किए। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में रायसेन जिले में कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत तथा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल एक हजार 577 विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने के लिए 25-25 हजार रू के मान से राशि प्रदान की गई है। इन एक हजार 577 विद्यार्थियों में 1019 छात्राएं हैं 558 छात्र हैं।*

### बच्चों की पढ़ाई में मददगार साबित हो रही योजना

कार्यक्रम में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने राशि प्रदान की गई है। यह बच्चों की पढ़ाई के लिए मददगार होगा। सरकार हर तरीके से बच्चों के शिक्षा के स्तर को बढ़ाने, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए, उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए काम कर रही है। बच्चे हमारे देश-प्रदेश का भविष्य हैं। यही मेधावी बच्चे आगे चलकर विभिन्न क्षेत्रों में हमारे जिले का, प्रदेश का और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का भी उल्लेख किया।

कार्यक्रम में पूर्व केबीनेट मंत्री रामपाल सिंह ठाकुर, बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष श्रीमती सविता जमना सेन जिपं अध्यक्ष यशवंत बब्लू मीणा, नगर मंडल अध्यक्ष जीतू आदित्य शर्मा, कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, एसपी पंकज पाण्डे, जिपं सीईओ अंजू भदौरिया, डीपीसी टीके रैकवार, डीईओ डीडी रजक, सहायक संचालक मोनिका पटेल उपस्थित रहे।

शिक्षा विभाग के डीईओ रजक सहायक संचालक मोनिका पटेल ने प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जिले में लाभान्वित मेधावी विद्यार्थियों के बारे में जानकारी दी।

### एक पेड़ मां के नाम रोपे पौधे

जिले के प्रभारी मंत्री श्री पंवार सहित जनप्रतिनिधियों अधिकारियों द्वारा हरियाली महोत्सव के तहत एक पेड़ मां के नाम छायादार और फलदार पौधे रोपे। पुलिस लाइन में भी प्रभारी मंत्री पंवार, एसपी पंकज पांडे, कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा द्वारा पौधे रोपकर उनकी देखरेख बच्चों की परवरिश की तरह करने का संकल्प लिया।




### लैपटॉप से ज्ञान बढ़ाने, कौशल को निखारने में होगी सुविधा

*प्रभारी मंत्री श्री पंवार ने कहा कि आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने के लिए 25-25 हजार रू की राशि के चैक प्रदान किए गए हैं। विद्यार्थियों को लैपटॉप मिलने से अपने ज्ञान को बढ़ाने, कौशल को निखारने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों को वह सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं जो उन्हें बौद्धिक कौशल को निखारने, ज्ञान को बढ़ाने और आगे बढ़ने में सहायक है। सरकार द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, निःशुल्क साईकिल, विभिन्न छात्रवृत्ति सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।*

## रिमझिम बारिश से भराए धान के गढ़े, रोपाई का काम शुरू

### पिछले साल की तुलना कम हुआ धान रकबा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रिमझिम बारिश के बीच खरीफ सीजन के खेतों में धान के गढ़े भरने लगे हैं। इसके साथ ही अब धान के पौधों की रोपाई कार्य में रफ्तार पकड़ने लगा है। जिला कृषि विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इस बार धान के रकबे में लगभग 15 से 20 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिलेगी। वहीं सोयाबीन, मक्के का रकबा बढ़ता हुआ नजर आ रहा है।

कृषि विभाग के उपसंचालक कृषि अधिकारी दुष्यंत धाकड़ ने बताया कि तीन कारणों के कारण धान का रकबा कम हुआ है, जिसमें मुख्य वजह मजदूर धान रोपाई के लिए नहीं मिलते हैं। जिससे किसान परेशान होता है वहीं गतवर्ष किसान को भाव कम मिले थे, जिससे उसे काफी नुकसान हुआ था। वहीं पानी की कमी के कारण भी धान का रकबा कम हुआ है जो रकबा कम हुआ है उसमें से 60 प्रतिशत रकबे में किसान के द्वारा मक्के सोयाबीन की फसल लगाई जा रही है, तो वहीं बचे हुए 40 प्रतिशत रकबे में किसानों के द्वारा सोयाबीन की फसल लगाई जा रही है जिससे कि वह मुनाफा कमा सके। विगत दिनों हुई बारिश के बाद जैसे ही खेतों में तैयार गढ़े भराए, वैसे ही किसानों ने धान रोपाई का काम शुरू कर दिया है। ताकि समय सीमा में धान को रोपा जा सके।

किसानों ने पूर्व से ही धान पौध नर्सरी को तैयार कर लिया था, जैसे ही मौसम खुला वैसे ही गढ़ा मचाने के बाद काम शुरू कर दिया गया है। हालांकि कई किसान ऐसे भी हैं जो इस बार धान को अपने खेतों में नहीं लगा रहे हैं। क्योंकि विगत वर्ष किसानों को धान में लंबा नुकसान झेलना पड़ा था। पैदावार भी सही नहीं हुई थी और भाव भी कम मिले थे, जिसके चलते कई किसान धान नहीं लगा रहे हैं।




## जोरदार बारिश से भरा पानी, हाथ में जूत-चप्पल लेकर निकले नौनिहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

लगातार हो रही बारिश से जन जीवन प्रभावित हो रहा है। शुक्रवार को करीब 3 घंटे तक हुई झमाझम बारिश से सड़के जलमग्न हो गई, आवागमन प्रभावित हुआ। इसस नगर परिषद के दावों की पोल खुल गई है। सुबह के समय हुई बारिश अभी तक की सबसे तेज बारिश होना बताया जा रहा है।

अलसुबह से प्रारंभ हुई बरसात लगातार रुक रुक कर दिन भर होती रही। झमाझम बारिश से नगर के मध्य से निकली बेगम नदी उफान पर आ गई।

### नगर के बस स्टैंड क्षेत्र में भरा घुटने-घुटने पानी

*लगातार हो रही बारिश से बस स्टेण्ड के पीछे वाले क्षेत्र में पानी भर गया। यहां पर पूर्व के सालो में कृषि कार्य किया जाता था, लेकिन बाद में भूमि स्वामी द्वारा प्लाटिंग की जाकर भूखंडो का विक्रय किया गया। बताया जा रहा है कि प्लाटिंग के समय भूमि स्वामी के द्वारा सर्व सुविधाओं के लोक लुभावने वादे किए गए थे। अल सुबह से हुई तेज बारिश से यहां पर घुटने घुटने पानी भर गया। यहां पर पानी निकासी की कोई व्यवस्था नही होने से स्कूल जाने वाले नौनिहाल परेशान देखे गए। छोटे छोटे स्कूली बच्चे हाथ में चप्पल लेकर बीच पानी से निकलते देखे गए। यहां पर पानी निकासी की व्यवस्था नही है, जिससे रहवासियो कों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।*

लगातार वर्षा का दौर जारी है बीते 24 घंटे में 53 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।इधर कॉलोनाइजर बिना डायवर्सन और टीएनसीपी व अन्य मानकों को पूरा किए बिना कॉलोनी काट रहे हैं।

## प्रदीप यादव धार्मिक संस्था के जिला अध्यक्ष बने



**सलामतपुर।** श्रीहित हरिवंश कल्याण समित की प्रदेश कोर कमेटी द्वारा शुक्रवार को बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राधिका शरण दास द्वारा सर्वसम्मति से प्रदीप यादव को समिति का। रायसेन जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

प्रदीप यादव की नियुक्ति पर शेर सिंह राजपूत, गंगाराम चौकसे, रितेश अग्रवाल, रघुवीर सिंह मीणा, लालजीराम, दिलीप कक्का, नीतेश जैन, प्रवेश मालवीय, यशवंत राजपूत, गौरव जैन, पंकज तोमर, अमित खंगार आदि ने खुशी जाहिर कर बधाई दी है।

## रोजाना की बारिश से नहीं कट पाई मूंग, धान के गढ़े भी नहीं बन पाए

### बारिश बन रही खेती किसानी में परेशानी, सड़कों पर फैली कीचड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले दिनों से जारी बारिश का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा। सुबह से शाम तक बिना रूके कभी तेज तो कभी धीमी बारिश से नगर एवं क्षेत्र भींगता रहा। सडक़ो पर फैला कीचड और गड्डो में भरा पानी लोगो के लिए परेशानियों का कारण बन गया है।

बारिश पूर्व जिन किसानों की मूंग कट गई, जो किसान मिले मौके का लाभ नहीं उठा पाए, मूंग की फसलें खेतो में सड़ने, गलने की नुकसानदायक स्थिति बन गई। क्षेत्र में व्यापक स्तर पर धान की खेती होती है। जब से बारिश शुरू हुई रूकने का नाम नहीं ले रही है। जिससे क्षेत्र में धान की क्यारियां बनाने का कार्य रूका हुआ है।




15 जून के बाद शुरू हुआ बारिश का सिलसिला जारी है। कभी दिन में तो कभी रात भर बारिश हो रही है। प्रतिदिन बारिश के असर से ग्रामीण क्षेत्र के नदी नालों का निरंतर जल स्तर बढ़ रहा है। वही जिन ट्यूबवेलों से पानी आना बंद हो गया था अब धीरे-धीरे जल स्तर बढने से पानी भी आने लगा है। जिससे किसानों को राहत मिल रही है।

### दिनभर हुई बारिश

शुक्रवार को सुबह से ही आसमान में घने काले वर्षा वाले बादलों का डेरा जम गया। जब लोग सो कर उठे तो उन्हें बारिश का सामना करना पडा। दिन भर कभी तेज कभी हल्की बारिश से नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र भींगता रहा। शाम को बारिश बंद हुई तो सडक़ो पर वाहनों का भारी आवागमन और बाजारों में रौनक बढ़ गई। आसमान में बादलों का डेरा बना रहने से बारिश की संभावना बनी हुई है।

## सोसाइटी के सामने सड़क पर गड्ढों से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज से लेकर रेलवे स्टेशन दीवानगंज रोड में कई जगह गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं। जिससे ग्रामीणों को निकलने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दीवानगंज सोसाइटी के सामने एक साल से गहरा गड्ढा बना हुआ है। बारिश के समय गड्ढे में पानी भर जाता है। इसी गड्ढे से 20 से 25, गांव के ग्रामीणों को रोज आना-जाना लगा रहता है। बारिश में इस गड्ढे में दलदल का रूप ले लिया है।

वहीं रविवार को इसी जगह पर हॉट लगता है बाजार वालों को भी काफी परेशानियों के साथ इस गड्ढे से होकर गुजरना पड़ता है। दीवानगंज में हाट बाजार वाले व्यापारी इसी गड्ढे के सामने रविवार को अपनी दुकान लगाना पड़ती है।



ठेकेदार द्वारा अभी तक इस गड्ढे को नहीं भरा गया है। ऐसे अनेकों गड्ढे साढ़े 3 किलोमीटर की सड़क में बने हुए हैं। इस गड्ढे में कुछ महीने पहले दो ट्राली गिट्टी ग्राम पंचायत दीवानगंज द्वारा डाल दी गई थी, लेकिन गड्ढा फिर से बन गया।

## शास. कॉलेज में हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम विद्यार्थियों को दीं विषयों की जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नया शिक्षा सत्र प्रारंभ पर तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को नए परिवेश में सहज करने हेतु संकाय सदस्यों द्वारा व्याख्यान दिए। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जयंती सोनवानी ने छात्रों को संस्कृति, गुरू शिष्य परंपरा के विषय में विस्तार से चर्चा और जानकारियां दी गई।

छात्रों को शासन की ओर से दी जाने वाली विभिन्न छात्रवृत्तियों की जानकारी दी गई। प्रदत्त सुविधाओं जैसे स्मार्ट क्लास, बचुर्अल क्लास, ओपन जिम, ई-लायब्रेरी, खेल इत्यादि की महाविद्यालयीन सुविधाओं से अवगत कराया।




मुख्यमंत्री सीखों, कमाओ योजना के विषय मे जानकारी के साथ संविधान हत्या दिवस, सहित अन्य विषयों की विस्तार से जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. नीरज दुबे, एसके बख्शी, डॉ. वर्षा गौतम, सह संयोजक योगेश धाकड़, डॉ. सुनील चौहान, डॉ. राजेश कचौली, डॉ. धर्मेन्द्र चौहान, डॉ. सुनीति दीवान, डॉ. अन्नपूर्णा सिंह, डॉ. यशवन्त शुक्ला, डॉ. अमर सिंह मेहरा सहित कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## वनाधिकार पट्टेधारी किसानों को किया बीज मिनी किट का वितरण

**सिलवानी।** तहसील के ग्राम प्रतापगढ़ में कृषि विभाग द्वारा वनाधिकार पट्टाधारी किसानों को बीज मिनी संक्षिप्त कार्यक्रम में बीज किट का वितरण किया गया। आदिवासी भवन परिसर में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुनील मालवीय, सरंपच प्रतिनिधि राजेश राय की विशेष मौजूदगी में कृषि विभाग सिलवानी के द्वारा राष्ट्रीय खाद सुरक्षा मिशन दलहन यांजनांतर्गत वनाधिकार पटटाधारी लगभग 50 किसानो को



निःशुल्क अरहर बीज मिनी किट का वितरण किया गया। इस मौके पर इमरत पटेल, राहुल राय, गोविंद राठौर, दीपेश राठौर, ह्रदयराम, जालम सिंह आदि उपस्थित थे।

### समुचित इलाज के लिए दिए निर्देश

## हादसे में घायल हुए युवकों को विधायक ने पहुंचाया अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को भोपाल रोड स्थित ग्राम कुशयारी के पास शाम करीब 6 बजे कार औ ट्रैक्टर में भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार 2 युवकों को चोटे आई है। तभी भोपाल की ओर जा रहा सांची विधायक का काफिला वहां पहुंचा तो विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने घायल युवकों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। उन्होंने सिविल सर्जन से फोन से कॉल कर युवकों का समुचित इलाज के निर्देश दिए।

### जनजातीय वर्ग के लिए संचालित योजनाओं का लिया जायजा

## केंद्रीय दल ने कचनारिया-उचेर के ग्रामीणों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के कार्यों का जायजा लेने राष्ट्रीय मीडिया दल प्रदेश के दौरे पर है। इस दौरे के तहत दल ने शुक्रवार को ग्राम कचनारिया और उचेर का भ्रमण किया। दल में शामिल दिल्ली से पीआईबी के उप संचालक रामेश्वर नैयर, जनजातीय विभाग के अनिकेत सिंह दिल्ली ने इन ग्रामों में जनजातीय वर्ग के लिए संचालित शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यो का जायजा लिया एवं जनजातीय वर्ग से भी संवाद कर योजनाओं का लाभ मिलने के बारे में जानकारी ली।

दल के सदस्यों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र, पीएम जनमन योजना के हितग्राहियों के निर्मित पक्के आवासों, मोबाईल मेडिकल यूनिट वैन आदि का निरीक्षण किया। साथ ही जनजातीय वर्ग के ग्रामीणों से संवाद कर आयुष्मान कार्ड, संबल कार्ड, प्रतिमाह राशन मिलने, जाति प्रमाण पत्र बने होने, विद्युत कनेक्शन सहित




विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने के बारे में जानकारी ली।

केन्द्रीय दल को कचनारिया के ग्रामीण हुकुम रावत ने बताया की कच्चा मकान होने की वजह से बारिश के मौसम में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज पक्का मकान बनकर तैयार हो गया है, जिससे पूरा परिवार खुश है। वहीं तरन सिंह ने बताया कि मेहनत मजदूरी करते थे और पूरा परिवार कच्चे मकान में गुजर बसर कर रहे थे, लेकिन अब आवास बनने से पूरा परिवार बिना परेशानी के निवास कर रहा है।

आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक चंद्र प्रकाश सोनी ने बताया कि सांची विकासखंड में 17 पंचायत के 22 गांव का चयन प्रधानमंत्री जन मन योजना अंतर्गत किया गया था जिसमें सहरिया परिवार के 1713 सदस्य थे जिनमें 392 परिवार थे जिनको प्रधानमंत्री जन मन आवास योजना से लाभान्वित किया गया है।

ग्राम कचनारिया में सहरिया समाज के 83 परिवार निवास करते है, जिनके बच्चों के लिए आंगनबाड़ी है जहां बच्चों को शिक्षा के साथ साथ स्वास्थ्य का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है। वहीं महिलाओं को स्व सहायता समूह से जोड़ा गया है, जिससे वो आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। यह भ्रमण जनजातीय समुदायों की वास्तविक स्थिति को समझने और भविष्य की नीतियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी जुटाने में सहायक होगा।

इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक सीपी सोनी, सांची जनपद सीईओ एसएन पांसे, एनआरएलएम के डीपीएम एम राजा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष से सौजन्य कर गतिविधियों से कराया गया अवगत



**सिलवानी।** वैश्य महासम्मेलन की जिला रायसेन की संगठानात्मक गतिविधियो व पदाधिकारियो की नियुक्ती किए जाने के बाद वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष संजू बनारसी ने प्रदेशाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल से भोपाल स्थित निवास पर सौजन्य भेंट की। यहां पर जिले में चल रही वैश्य महासम्मेलन की संगठानात्मक गतिविधियो से अवगत कराया तथा अभी तक जिला व तहसील संगठन में की गई पदाधिकारियों की नियुक्ती की जानकारी दी।